J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# THE IMPESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY GETS NBA ACCREDITATION FOR TWO B.TECH PROGRAM



FARIDABAD (TIT NEWS): J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has again provided itself with the quality parameters of Technical Education as two undergraduate engineering programs of the University which include B.Tech in Electronics and Communication Engineering; and B.Tech in Information Technology, have received re-accreditation from National Board of Accreditation (NBA). The Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar has acknowledged the efforts made by respective NBA Coordinator Prof. Komal Bhatia, Co-coordinator Dr. Neelam Duhan, and respective Chairpersons, and congratulated all the faculty and staff members for this great achievement. The accreditation by NBA reflects the quality of Technical Education being imparted by the University and strengthens the University's vision to become a globally acclaimed Institute in Technical Education, he added. Dean (Institutions) Prof. Sandeep Grover, Registrar Dr. S. K. Garg, Chairpersons concerned Departments, Prof. Atul Mishra, and Prof. Pradeep Dimari were also present on this occasion. The accreditation has been granted for the period of 3 years, from Academic Year 2022-2023 to 2024-2025, on the basis of the report submitted by the NBA Expert Team, which visited the University on June 18, 2022. With the accreditation of various engineering programs, the graduates of this University will get "substantial equivalency" in several countries including the USA and UK.

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के दो पाठ्यक्रमों को एनबीए से मिली मान्यता

- बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग व इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को पुनः मान्यता

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा दो और पाठयक्रमों बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की पुनः मान्यता प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। एनबीए द्वारा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करना विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता का दर्शाता है। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनबीए समन्वयक प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. नीलम दूहन व सभी



मान्यता पत्र भेंट करते हुए एनबीए समन्वयन टीम के सदस्य। आज समाज

संबंधित विभागाध्यक्षों के प्रयासों की सराहना की है। एनबीए द्वारा श्रेणी-1 प्रारूप में विश्वविद्यालय के पाठयक्रम बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग व बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को तीन वर्षों के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता मिलने से विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण स्नातकों को अमेरिका तथा इंग्लैंड सहित विभिन्न देशों के पाठ्यक्रमों के समकक्ष समानता मिलेगी। यह मान्यता वाशिंगटन समझौते के अनुरूप है, जिसमें एनबीए भी एक हस्ताक्षरकर्ता है। वाशिंगटन समझौते की अनुपालना के अनुरूप, वाईएमसीए विश्वविद्यालय के एनबीए श्रेणी-1 मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को अन्य हस्ताक्षरकर्ता देशों में वैश्विक मान्यता हासिल होगी, जिनमें आस्ट्रेलिया, कनाडा, ताइवान, हांगकांग, आयरलैंड, जापान, इंग्लैंड तथा अमेरिका शामिल हैं। एनबीए एक स्वायत्त संस्थान है जो समय-समय पर तकनीकी संस्थानों तथा पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुशंसित मानक तथा मानदंडों के अनुरूप करता है। मान्यता प्रक्रिया के अंतर्गत एनबीए विशेषज्ञ टीम द्वारा 18 जून, 2022 को विश्वविद्यालय में दौरा कर दो विभागों का मूल्यांकन किया गया था। एनबीए विशेषज्ञ टीम ने विश्वविद्यालय का मूल्यांकन विभिन्न मानदंडों पर किया तथा लैब, वर्कशाप, लाइब्रेरी तथा विद्यार्थियों से संबंधित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया था।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि के दो पाठ्यक्रमों को एनबीए मान्यता

फरीदाबाद, 1 सितम्बर (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा दो और पाठयक्रमों बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बीटेक - इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की पुन: मान्यता प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। एनबीए द्वारा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करना विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता का दर्शाता है।

इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनबीए समन्वयक प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. नीलम दूहन तथा सभी संबंधित विभागाध्यक्षों के प्रयासों की सराहना की है तथा सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों को इस सफलता पर बधाई दी है। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, प्रो. अतुल मिश्रा तथा प्रो. प्रदीप डिमरी भी उपस्थित थे। एनबीए द्वारा श्रेणी-1 प्रारूप में विश्वविद्यालय के पाठयक्रम बीटेक -इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को तीन वर्षों के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता मिलने से विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण स्नातकों को अमेरिका तथा इंग्लैंड सहित विभिन्न देशों के पाठ्यक्रमों के समकक्ष समानता मिलेगी।



*कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर को एनबीए मान्यता पत्र भेंट करते हुए एनबीए समन्वयन टीम के सदस्य। (छाया: एस शर्मा)*

यह मान्यता वाशिंगटन समझौते के अनुरूप है, जिसमें एनबीए भी एक हस्ताक्षरकर्ता है। वाशिंगटन समझौते की अनुपालना के अनुरूप, वाईएमसीए विश्वविद्यालय के एनबीए श्रेणी-1 मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को अन्य हस्ताक्षरकर्ता देशों में वैश्विक मान्यता हासिल होगी, जिनमें आस्ट्रेलिया, कनाडा, ताइवान, हांगकांग, आयरलैंड, जापान, इंग्लैंड तथा अमेरिका शामिल हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इन देशों में अकादमिक जरूरतों को पूरा करने के दृष्टिगत इंजीनियरिंग कार्यों को करने में सक्षम होंगे।

एनबीए एक स्वायत्त संस्थान है जो समय-समय पर तकनीकी संस्थानों तथा पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुशंसित मानक तथा मानदंडों के अनुरूप करता है। मान्यता प्रक्रिया के अंतर्गत एनबीए विशेषज्ञ टीम द्वारा 18 जून 2022 को विश्वविद्यालय में दौरा कर दो विभागों का मूल्यांकन किया गया था। एनबीए विशेषज्ञ टीम ने विश्वविद्यालय का मूल्यांकन विभिन्न मानदंडों पर किया तथा लैब, वर्कशाप, लाइब्रेरी तथा विद्यार्थियों से संबंधित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009 में विश्वविद्यालय के रूप में दर्जा हासिल करने वाले जे.सी बोस विश्वविद्यालय ने विगत वर्षों के दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है तथा विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय ने नैक, एनबीए और एनआईआरएफ सहित विभिन्न गुणवत्ता मानकों पर खुद को साबित किया है। साथ ही, विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किये गये है।

**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# AMAR UJALA

# जेसी बोस विवि के दो पाठ्यक्रमों को फिर एनबीए की मान्यता मिली

**फरीदाबाद**। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की पुनः मान्यता दी है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनबीए समन्वयक प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. नीलम समेत संबंधित विभागाध्यक्षों के प्रयासों की सराहना की है। एनबीए द्वारा श्रेणी-1 प्रारूप में विश्वविद्यालय के पाठयक्रम बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को तीन वर्षों के लिए मान्यता दी गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता मिलने से विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण स्नातकों को अमेरिका तथा इंग्लैंड सहित विभिन्न देशों के पाठ्यक्रमों के समकक्ष समानता मिलेगी। संवाद

**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# DAINIK BHASKAR

## जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के दो पाठ्यक्रमों को एनबीए की मान्यता

फरीदाबाद | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा दो पाठयक्रम बीटेक - इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बीटेक - इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की पुनः मान्यता प्राप्त की है। एनबीए द्वारा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करना विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को दर्शाता है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर के अनुसार एनबीए द्वारा यह मान्यता तीन वर्षों के लिए प्राप्त हुई है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)


**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस के दो पाठ्यक्रमों को एनबीए मान्यता

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा दो और पाठयक्रमों बीटेक-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा बीटेक-इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की पुनः मान्यता प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। एनबीए द्वारा विवि के पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान करना विवि द्वारा प्रदान की जाने वाली तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता का दर्शाता है। इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनबीए समन्वयक प्रो. कोमल कुमार भाटिया, डॉ. नीलम दूहन तथा सभी संबंधित विभागाध्यक्षों के प्रयासों की सराहना की है।

**NEWS CLIPPING:02.09.2022**

# DAINIK JAGRAN

## जेसी बोस के दो पाठ्यक्रमों को मिली एनबीए की मान्यता

वि., फरीदाबाद: जेसी बोस विश्वविद्यालय के बीटेक इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और इन्फारमेशन टेक्नोलाजी को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) की मान्यता प्राप्त हुई। कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों को इस सफलता पर बधाई दी है। एनबीए द्वारा श्रेणी-1 प्रारूप में विश्वविद्यालय के इन पाठयक्रमों को तीन वर्षों के लिए मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को मान्यता मिलने से विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण स्नातकों को अमेरिका तथा इंग्लैंड सहित विभिन्न देशों के पाठ्यक्रमों के समकक्ष मान्यता मिलेगी, जो वाशिंगटन समझौते के अनुरूप है, इसमें एनबीए भी एक हस्ताक्षरकर्ता है। समझौते की अनुपालना के अनुरूप, वाईएमसीए विश्वविद्यालय के एनबीए श्रेणी-1 मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को अन्य हस्ताक्षरकर्ता देशों में वैश्विक मान्यता हासिल होगी, जिनमें आस्ट्रेलिया, कनाडा, ताइवान, हांगकांग, आयरलैंड, जापान, इंग्लैंड तथा अमेरिका शामिल हैं।